# बिहार विधान सभा वादवृत्त।

सोमवार, तिथि ३ सितम्बर, १९५१।

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान सभा का कार्य विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने के राज्यपाल भवन, सोमवार, तिथि ३ सितम्बर, १९५१ को अपराह्न १ १/२ बजे माननीय अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्म्मा के सभापतित्व में हुआ।

## तारांकित प्रश्नोत्तर।

## STARRED QUESTIONS AND ANSWERS

### बिहार के कोटे का कपड़ा लेने के लिये एजेण्ट।

A*५१। श्री जयनारायण 'विनीत'—क्या माननीय मंत्री, पूर्त्ति एवं मूल्य नियंत्रण विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या बिहार के लिये मिलों से बिहार के कोटे के कपड़े लेने के लिये कोई एजेण्ट हैं;

(ख) यदि खंड (क) का उत्तर 'हां' है तो क्या वे केन्द्रीय क्लौथ कंट्रोलर के समक्ष बिहार में खपने वाले कपड़ों का ठीक-ठीक चित्रण कर बिहार के लिये अधिक से अधिक पोपुलर कपड़े लेने का यत्न करते हैं;

(ग) क्या तथाकथित एजेण्ट साहब बिहारी हैं;

(घ) उक्त एजेण्ट की नियुक्ति के नियम (क्राटेरीअन) क्या-क्या रखे गये हैं?

श्री वीरचन्द्र पटेल—(क) उत्तर 'ना' है।

(ख), (ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठता है।

श्री जयनारायण 'विनीत'—अगर कोई एजेण्ट नहीं है तो बिहार का कोटा कैसे आता है?

श्री वीरचन्द्र पटेल—जितने इम्पोर्टर्स हैं, उनका अपना-अपना कमीशन एजेण्ट्स, बम्बई और अहमदाबाद में रहते हैं। उन एजेण्टों को ऑर्डर देकर वहां से कपड़े मँगाये जाते हैं। गवर्नमेंट के तरफ से टेक्स्टाइल कमिश्नर के पास फीगर्स चले जाते हैं कि किस इम्पोर्टर को कितना एलौट हुआ है। गवर्नमेंट के तरफ से कोई एजेण्ट बम्बई और अहमदाबाद में नहीं है।

A—Postponed from the 28th August 1951.

**The Hon'ble the SPEAKER :** It would be better to take up this demand tomorrow. When the cut-motion is here I am bound to ask the Government to give the details. It is for Government to supply such informations . So, I will take up this Demand no. 12 tomorrow.

---

न्याय प्रशासन ।

ADMINISTRATION OF JUSTICE.

**The Hon'ble Shri RAMCHARITRA SINGH :** Sir, I beg to move :

That a supplementary sum not exceeding Rs. 5 over and above the provision in the Bihar Appropriation (No. 2) Act, 1951, as passed by the Bihar Legislature, be granted to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March 1952 in respect of ' Administration of Justice ' for the new scheme indicated in the schedule at page 20 of the Statement of Expenditure.

This motion is made on the recommendation of His Excellency the Governor.

**The Hon'ble the SPEAKER :** The question is :

That a supplementary sum not exceeding Rs. 5 over and above the provision in the Bihar Appropriation (No. 2) Act, 1951, as passed by the Bihar Legislature, be granted to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March 1952, in respect of ' Administration of Justice ' for the new scheme indicated in the schedule at page 20 of the Statement of Expenditure.

The motion was adopted.

---

कारागार तथा बंदी निवेश ।

JAILS AND CONVICT SETTLEMENTS.

**The Hon'ble Shri RAMCHARITRA SINGH :** I beg to move :

That a supplementary sum not exceeding Rs. 2,78,406 over and above the provision in the Bihar Appropriation (No. 2) Act, 1951, as passed by the Bihar Legislature be granted to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1952, in respect of " Jails and Convict Settlements " for new schemes indicated in the schedule at pages 21-22 of the Statement of Expenditure.

This motion is made on the recommendation of His Eexcellency the Governor.

**The Hon'ble the SPEAKER :** The question is :

That a supplementary sum not exceeding Rs, 2,78,406 over and above the provision in the Bihar Appropriation (No. 2) Act, 1951, as

passed by the Bihar Legislature, be granted to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1952, in respect of "Jails and Convict Settlements" for new schemes indicated in the schedule at pages 21-22 of the Statement of Expenditure.

The motion was adopted.

---

## शिक्षा ।

## EDUCATION.

**The Hon'ble Shri BADRI NATH VERMA :** I beg to move :

That a supplementary sum not exceeding Rs. 40, 49,947 over and above the provision in the Bihar Appropriation (No. 2) Act, 1951, as passed by the Bihar Legislature , be granted to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1952, in respect of "Education" for new schemes indicated in the schedule at pages 22-31 of the Statement of Expenditure.

This motion is made on the recommendation of His Excellency the Governor.

**The Hon'ble the SPEAKER :** The question is :

That a supplementary sum not exceeding Rs. 40,49,947 over and above the provision in the Bihar Appropriation (No. 2) Act, 1951, as passed by the Bihar Legislature, be granted to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1952, in respect of "Education" for new schemes indicated in the schedule at pages 22-31 of the Statement of Expenditure.

---

## विश्वविद्यालय के लिए अनुदान की आवश्यकता ।

## THE NEED FOR GRANT TO THE UNIVERSITY.

**Shri MUHAMMAD ABDUL GHANI :** Sir, I beg to move :

That the provision of Rs. 2,62,000 for "Grant to the University—Contribution to the Bihar University Fund and Patna University Fund" be reduced by Re. 1.

जनाब सदर यह रुपया पटना युनिवर्सिटी को दिया जा रहा है लेकिन अभी जो ऐक्ट पास हुआ है उसके अन्दर दो वजूहात हैं जिनकी बिना पर मैं इस अखराजात के हसबख्वाह अपनी राय नहीं दे सकता हूं । युनिवर्सिटी यहां ऐडवान्समेन्ट ऑफ लर्निङ्ग के लिए कायम है, लेकिन युनिवर्सिटी इसे बजाय आगे के पीछे हटा रही है ।

माननीय अध्यक्ष—आपने ऐक्ट पास किया है और उसी के लिए यह मांग है । इसलिए अब आपको ऐसा नहीं कहना चाहिए । क्या आप इसका विरोध कर रहे हैं ?